जूनियर बच्चन को पैनासोनिक ग्रीन ग्लोब फाउंडेशन अवार्ड

बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन को पैनासोनिक ग्रीन ग्लोब फाउंडेशन अवार्ड्स से सम्मानित किया जा रहा है। राजधानी के ताज पैलेस में 2 फरवरी को आयोजित होने वाले चौथे पैनासोनिक ग्रीन ग्लोब फाउंडेशन अवार्ड्स समारोह में जूनियर बच्चन को सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान हरित पर्यावरण की दिशा में एक सेलीब्रिटी द्वारा किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए दिया जा रहा है। अभिषेक को यह पुरस्कार टर्मिनेटर के अभिनेता आर्नोल्ड श्वार्जनेगर के हाथों प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि श्वार्जनेगर एक सफल फिल्मी अभिनेता होने के साथ ही कैलिफोर्निया के पूर्व गवर्नर भी रह चुके हैं। श्वार्जनेगर एक दिवसीय 12वें दिल्ली सतत् विकास शिखर सम्मेलन, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह करेंगे, में भाग लेने के बाद शाम को ग्रीन ग्लोब फाउंडेशन पुरस्कार समारोह में शिरकत करेंगे। ग्रीन ग्लोब फाउंडेशन अवार्ड्स विजक्राफ्ट इंटरनेशनल की एक पहल हैं। इस पुरस्कारों के जरिए संगठनों और व्यक्तियों को पर्यावरण संरक्षण व उत्थान की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों एवं प्रयासों के लिए सम्मानित किया जाता है। नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. आर. के. पचौरी के नेतृत्व वाली द एनर्जी रिसोंसेस इंस्टीच्यूट (टीईआरआई) और यूनाइटेड नेशन्स एनवॉयरमेंट प्रोग्राम (यूएनईपी) इसके नॉलेज पार्टनर हैं।